तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 8 दिसंबर 2025



4 खरसिया क्षेत्र की दवा दुकानों में बिना पर्ची बिक रही नशीली दवाएं, जांच में खुलासा






## खबर संक्षेप

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**रायगढ़।** रविवार को जिले में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की अकाल मौत हो गई। जूटमिल थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवक ने डिवाइडर से टकराकर दम तोड़ दिया तो घरघोड़ा थाना क्षेत्र में ट्रेलर ने एक युवक की जान ले ली। दोनों ही मामलों में पुलिस जांच में जुट गई है। पहला मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है जहां रविवार की सुबह करीब 8 बजे सुश्री होटल के पास एक बाइक सवार युवक डिवाइडर से टकरा गयाए जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पीएम ले लिए अस्पताल पंहुचा दिया है और उसकी पहचान की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जबकि दूसरी घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र की है। धरमजयगढ़ रोड पर टेरम के पास रामी फ्यूल के सामने रविवार की दोपहर लगभग 1.30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर उसे घरघोड़ा हॉस्पिटल के शवगृह में रखवाया है। मृतक की पहचान घरघोड़ा के ग्राम पोरडा निवासी देवेंद्र सिदार के रूप में हुई है, जोकि पोरडा हाई स्कूल में बाबू था।

### कलेक्टर ने कन्या छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ स्थित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान आदिम जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे भी साथ में थे। कलेक्टर ने वहां के रसोई और परिसर के साफ सफाईए बच्चों के लिए मच्छरदानी, प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही बच्चों से पढ़ाई के बारे में बातचीत किया। बालिकाओं से कलेक्टर ने आगामी परीक्षा की तैयारी के संबंध में क्या रणनीति बनाएं इसकी जानकारी लेते हुए उनके कोर्स के बारे में पूछताछ किया। बालिकाओं ने अपनी तैयारी के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने बच्चों को दिए जाने वाले नाश्ता और भोजन की क्वालिटीए स्वाद के संबंध जानकारी लिया। इसके साथ ही डॉक्टर के द्वारा रुटीन चेकअप की भी जानकारी लिया। उन्होंने हीमोग्लोबिन और सिकलिन जांच करने के लिए भी बालिकाओं को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे को निर्देश दिया कि बालिकाओं को सभी विभागीय सुविधा हमेशा प्रदान करते रहें।

# गोद में बच्चा, हाथ में कलम, कहीं सास-बहु, कहीं पति-पत्नी तो कहीं देवरानी-जेठानी ने लिखी शिक्षा के उजियारे की दास्तां

**महिलाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह, गोद में बच्चे लेकर परीक्षा सेंटर पहुंची कई महिलाएं, दो बजे तक 6187 महिलाएं दे चुकी थी परीक्षा**

**उल्लास महा परीक्षा अभियान के लिए जिले में बनाए गए थे 1019 परीक्षा केंद्र**

**देर शाम तक लोग पहुंचते रहे परीक्षा केंद्र**

**दो बजे तक की रिपोर्ट में 6187 बैठे थे, जबकि पुरुषों की संख्या 3146 थी**







**इन केंद्रों में पति-पत्नी और देवरानी-जेठानी बैठे परीक्षा में**

जिले के सुदूर और वनांचल से कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आई जो एक मिसाल के तौर पर देखी जा रही है। इसमें टेंण्डा नावापारा में चार देवारानी – जेठानी ने परीक्षा दिया। इसी तरह प्राइमरी स्कूल सिंगमौजा प्राइमरी स्कूल साल्हेपाली में पति-पत्नी एक साथ बैठकर परीक्षा लिखे हैं। लैलूंगा ब्लॉक के मिडिल स्कूल सोनाजोरी में सास-बहु ने एक साथ हाथों में कलम थामे इस परीक्षा में सवालों का जवाब दिया। ये सभी को एक मिसाल के तौर पर देखा जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रविवार को आयोजित उल्लास साक्षरता महा परीक्षा अभियान में सेंटरों से कुछ ऐसी तस्वीरें और नजारे सामने आए जो अलौकिक से कम नहीं था। इसमें कई महिलाएं गोद में बच्चा लेकर हाथ में कलम थामी थी तो कहीं सास-बहु, पति-पत्नी और कहीं देवरानी-जेठानी ने लिखी शिक्षा के उजियारे की दास्तां।

इससे बड़ी और दिलचस्प बात यह भी रही कि अन्य परीक्षाओं की भांति इस परीक्षा में भी महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इसकी बानगी दोपहर दो बजे तक का जो रिपोर्ट आया था उसमें देखने को मिला। 6187 महिलाएं परीक्षा दे चुकी थीं, जबकि पुरुषों की संख्या इस



समय तक केवल 3146, याने आधा ही था। दोगुनी महिलाएं परीक्षा दे चुकी थी। हालांकि पांच बजे तक परीक्षा का समय दिया गया था, लेकिन कुछ-कुछ सेंटरों में देर शाम तक लोग परीक्षा देने पहुंचते रहे। सेंटरों में परीक्षा देने आ रहे लोगों का स्वागत कर रहे थे। इसमें जो परीक्षार्थी सफल होंगे उनको बाकायदा एनआईओएस संस्था अंकसूची देगी। इसके बाद समतुल्यता परीक्षा में बैठ सकते हैं। समतुल्यता परीक्षा को पास करने के बाद ओपन में परीक्षा देकर हाई और हायर सेकेंडरी पास कर सकते हैं। 1988-1990 की दशक में हर गांव के हर दीवार में एक नारा लिखा नजर आता था। उसमें पढ़ने की कोई उम्र पढ़ने की हर उम्र सही। यह केवल नारा नहीं था बल्कि एक संदेश था जो उस वक्त एक अभियान के तौर पर चल रहा था। गांवों में इसे बूढ़ा पढाई कहते थे। अब उसका स्वरुप बदल गया है, लेकिन अभी भी यह नारा पहले जिन्होंने पढ़ाई में रुचि नहीं ली उनमें उत्साह और जोश का संचार करता है। इसकी बानगी रविवार को आयोजित उल्लास साक्षरता महाभियान परीक्षा में देखने को मिला। जिले में इस परीक्षा के लिए 1019 परीक्षा सेंटर बनाए गए थे।


## 2 मिनट की देरी और बंद हो गया गेट परीक्षा देने से वंचित हुए कई परीक्षार्थी

**रायगढ़।** व्यापमं द्वारा रविवार को आयोजित आमीन परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए जिलें में 57 केन्द्र बनाये गए थे। इस परीक्षा के लिए जिले में 16 हजार 91 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा में कुल 10 हजार 24 परीक्षार्थी ही शामिल हुए जबकि 6 हजार 67 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। किसी भी केन्द्र से किसी प्रकार की गड़बडी या व्यावधान की खबरें सामनें नहीं आई। कुछ केन्द्रों में परीक्षार्थियों के देर से पहुंचने के कारण, परीक्षार्थी परीक्षा देने से वंचित हो गए, बार बार निवेदन करनें के बाद भी गेट नहीं खोला गया। इसके कारण कुछ अभ्यर्थी परीक्षा देने से वंचित हो गए।

**गणित के प्रश्न देख परीक्षार्थियों के छूटे पसीने**

आमीन पटवारी की परीक्षा में गणित के प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को सबसे ज्यादा परेशान किया। परीक्षार्थियों नें कहा कि गणित के प्रश्न को देखकर लगा कि जैसे आईआईटी की परीक्षा देनें आए हों। वहीं प्रश्नपत्र में कूट वाले प्रश्न सबसे अधिक थे, जिससे परेशानी हुई। 2 घंटे में सभी प्रश्न हल कर पाना कठिन था। वहीं प्रश्नपत्र में छत्तीसगढ़ से संबंधित प्रश्न कम होने पर परीक्षार्थियों नें नाराजगी जताई।

**वित्त मंत्री ने दी स्व.कीर्ति नारायण द्विवेदी को श्रद्धांजलि...**



**रायगढ़।** ग्वालियर में हरिभूमि समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताजी स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी की प्रार्थना सभा में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजन को दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की।


हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**


# धमतरी में सरपंच पति राज पर रोक रायगढ़ में अब भी दखल है जारी

**951 गांव, 549 पंचायतों में अधिकांश महिला सरपंचों की जगह पति संभाल रहे जिम्मेदारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में आज भी ज्यादातर पंचायतों में महिला सरपंचों की जगह उनके पति ही कामकाज संभाल रहे हैं। कुल 951 गांव और 549 ग्राम पंचायतों वाले रायगढ़ में स्थिति यह हैं कि बैठकों से लेकर फंड के फैसलों तक सारी जिम्मेदारियां सरपंच पति व उनके परिजन ही निभाते दिखाई देते हैं। इस बीच धमतरी जिला प्रशासन के ऐतिहासिक फैसले ने यहां भी बड़े बदलाव की उम्मीद जगा दी है। धमतरी में अब किसी भी पंचायत में पति द्वारा कामकाज संभाला जाना प्रतिबंधित कर दिया गया है और कार्रवाई के निर्देश भी जारी हो चुके हैं।

दरअसल रायगढ़ जिले में कुल 951 गांव और 549 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें बड़ी संख्या में पंचायतों में महिला सरपंच चुनी गई हैं, लेकिन अधिकांश जगहों पर वास्तविक कामकाज उनके पति ही संभालते दिखते हैं। पंचायत बैठकों में उपस्थिति, फाइलों पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया, निर्माण कार्य की समीक्षा और ग्राम निधि के उपयोग से जुड़े फैसले कई पंचायतों में यह सब सरपंच के पति ही करते हैं। इससे महिला प्रतिनिधियों की भूमिका सिर्फ नाममात्र रह जाती है। यही कारण है कि ज्यादातर पंचायतों में भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलती रहती है। इसी को देखते हुए धमतरी प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है, रायगढ़ जिले में भी आम जनता को ऐसे फैसले का इंतजार है।




**जिसे अपना प्रतिनिधि चुना वो नहीं आती नजर**

रायगढ़ के कई गांवों में महिलाएं सरपंच तो बनीं लेकिन काम पति करते हैं ऐसा आरोप ग्रामीण लगातार उठाते आ रहे हैं। कई पंचायतों में सरपंच पतियों की बैठकों में मौजूदगी और हस्तक्षेप अब आम बात हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन्हें हमने वोट देकर अपना प्रतिनिधि चुना है वो तो कभी नजर ही नहीं आती है। इसीलिए महिला सरपंचों को वास्तविक निर्णय लेने का अवसर नहीं मिल पाता।

मीटिंग में, गावों में निरीक्षण के दौरान महिला सरपंच ही उपस्थित रहती हैं। बात रही उनके पति के कामकाज संभालने की तो जहां शिकायत मिलती है वहां सुधार किया जाता है। धमतरी जैसा निर्णय लेने का अधिकार जिला प्रशासन का है।

**सनत नायक, सीईओ,**
जनपद पंचायत, रायगढ़

## गेट तोड़कर मंदिर में घुसा हाथी, क्षेत्र में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीती रात जंगल से निकलकर एक हाथी छाल वन परिक्षेत्र के ऐड़ु परिसर के गांव के मंदिर में पहुंच गया। वह गेट तोड़कर अंदर भी घुस गया, जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। दरअसल यह घटना रात करीब 10 बजे की है। एडू बीट में एक दंतैल अकेला विचरण करते हुए गांव के ठाकुरदेव मंदिर के पास आया और उसके गेट को तोड़कर भीतर चला गया। ऐसे में मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में उसकी तस्वीर कैद हो गई। जैसे ही इसकी जानकारी हाथी मित्र दल को लगी तो सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी में लगे सायरन बजाकर उसे मंदिर से बाहर निकाल कर जंगल की ओर भगाया।

हाथी की मौजूदगी को देखते हुए हाथी मित्र दल ने पुसल्दा से बरभौना रास्ते पर सावधानी से आने-जाने के साथ ही पुसल्दा, एडू, खेदापाली, बहेरामुड़ा, चीतापाली, रामनगर क्षेत्र में भी मुनादी कराई है। ताकि किसी प्रकार की घटना घटित न हो सके। वहीं बताया जा रहा है कि हाथी ने गांव के हरीशचंद राठिया के भी गेट को तोड़ने का प्रयास किया।



# सेना की वर्दी पहने नजर आए सलमान खान

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर चर्चाओं में हैं। लद्दाख में फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद टीम ने मुंबई में भी अपना एक शेड्यूल पूरा कर लिया है। शूटिंग के दौरान सलमान की कुछ फोटोज भी सामने आई हैं। अब इन दिनों सलमान और चित्रांगदा की एक और तस्वीर शूटिंग से वायरल हो रही है। सोशल मीडिया पर सलमान खान और चित्रांगदा सिंह की एक तस्वीर वायरल है। यह तस्वीर 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग के सेट से ही है। इस तस्वीर में सलमान और चित्रांगदा दोनों ही भारतीय सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# सान्या

## बनीं बेस्ट एक्ट्रेस, फेस्ट में मिला सम्मान

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में बॉलीवुड हंगामा ओटीटी इंडिया फेस्ट और इंडिया एंटरटेनमेंट अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ था। इस इवेंट में ओटीटी और फिल्म जगत के कुछ बड़े नामों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने फिल्म 'मिसेज' में बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब जीता।

खुशी जाहिर करते हुए अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनके साथ उन्होंने लिखा,"आपकी लड़की ने 'मिसेज' का खिताब जीत लिया। मैं आप सभी के प्यार की बहुत-बहुत आभारी हूं, जिसने हमारी फिल्मों पर प्यार बरसाया। फिल्म 'मिसेज' को इस तरह से अपनाने के लिए आप सभी का तहे दिल से धन्यवाद।" सान्या की इस पोस्ट पर फैंस और सेलेब्रिटीज की बधाइयों की बौछार हो रही है। अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने हार्ट इमोजी से प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री सान्या, जिन्होंने आमिर खान की फिल्म दंगल से अपने करियर की शुरुआत की थी। साल 2025 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'मिसेज' ने दर्शकों में गहरी छाप छोड़ी थी। इसने मनोरंजन करने के साथ-साथ एक गहरा संदेश भी दिया था। फिल्म की कहानी शादी करके ससुराल पहुंची महिला के रोजमर्रा की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में दिखाया गया है कि ऋचा नाम की एक महिला अपने परिवार के साथ-साथ सपनों को भी पूरा करना चाहती है, लेकिन ससुराल में बने नियम-कानूनों के कारण वह सिर्फ घर के कामों में फंस जाती है। फिल्म के आखिर में वह इन बंधनों को तोड़कर अपने सपनों को पूरा करके जीवन की शुरुआत करती है।



हॉलीवुड मसाला



# वार्नर ब्रदर्स... खरीदने की घोषणा

**न्यूयॉर्क।** हॉलीवुड के सबसे जाने-माने स्टूडियोज में से एक, वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को नेटफ्लिक्स ने खरीदने की घोषणा कर दी है। नेटफ्लिक्स के इस कदम ने मनोरंजन जगत में खलबली मचा दी है, क्योंकि वार्नर ब्रदर्स अपने आप में बड़ा नाम है और अब नेटफ्लिक्स के साथ मिलकर काम करने से दर्शकों को और अच्छा कंटेंट देखने को मिल सकेगा। नेटफ्लिक्स ने लगभग 82.7 अरब डॉलर की डील के साथ वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी (डब्ल्यूबीडी) को खरीदा है। ये दोनों कंपनियां मिलकर वैश्विक स्तर पर मनोरंजन जगत की बड़ी कंपनी बनकर उभरेंगी।




# केली की जिंदगी रोशनी और सन्नाटे की दास्तान

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा ग्रेस केली की जिंदगी किसी परीकथा की तरह शुरू हुई और एक ट्रैजेडी पर आकर थम गई। उनकी कहानी उस रोशनी और सन्नाटे की दास्तान है, जिसमें एक अभिनेत्री अपनी कला, अपनी इच्छाओं, अपनी पहचान और अपने भाग्य के बीच लगातार संघर्ष करती रही। फिलाडेल्फिया में 12 नवंबर 1929 को जन्मी ग्रेस को मंच से लगाव था। उन्हें लगता था कि कैमरा उनके सामने आते ही दुनिया थोड़ी शांत हो जाती है। अभिनय उनके लिए शौक नहीं, एक तरह का सुकून था—एक जगह जहां वे खुद को संपूर्ण महसूस करती थीं। यही भावना उन्हें ब्रॉडवे से हॉलीवुड लेकर आई और वहीं से उनका सितारा इतनी तेजी से चमका कि मात्र कुछ वर्षों में वे दुनिया की सबसे चर्चित और सम्मानित अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं।



# तू मेरी मैं तेरा का गाना हम दोनों रिलीज

**मुंबई।** फिल्म के हाई-एनर्जी पार्टी एंथम के बाद अब सारेगामा, धर्मा प्रोडक्शंस और नमाह पिक्चर्स के साथ मिलकर दर्शकों को एक दिल छू लेने वाला, चुलबुला और रोमांटिक ट्रैक 'हम दोनों' तोहफे में दे रहा है। पार्टी के शोर-शराबे से दूर, यह गाना रे और रूमी की मासूम, शरारती और सोलफुल केमिस्ट्री को खूबसूरती से दिखाता है। ये गाना दो दिलों के करीब आने की कहानी को इतने प्यारे तरीके से पेश करता है कि ये हर मॉडर्न लेकिन दिल से ओल्ड स्कूल आशिक की प्लेलिस्ट में शामिल होने वाला है। इस गाने को अपनी जादुई आवाज़ दी है शेखर, विशाल ददलानी और श्रुति पाठक ने, जबकि इसका संगीत तैयार किया है सुपरहिट जोड़ी विशाल और शेखर ने। प्यार में डूबी इन लाइनों को लिखा है अन्विता दत्त ने और स्क्रीन पर इस खूबसूरत केमिस्ट्री को सजाया है।



# डकैत के किरदार में डूब गए अक्षय...

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर में अक्षय खन्ना ने लयारी के माफिया रहमान डकैत का रोल अदा किया है। उन्होंने इस किरदार को इतनी खूबसूरत से निभाया है कि एक पल के लिए दर्शक भूल ही जाते हैं मानो ये अक्षय खन्ना हैं। साथ ही उनका लुक भी दमदार है। इस फिल्म में अक्षय खन्ना की अदाकारी का ही कमाल है कि फिलहाल सोशल मीडिया पर उनके नाम की चर्चा हो रही है और उन्हें खूब सर्च किया जा रहा है। इस साल फरवरी में रिलीज हुई विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' में अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का रोल निभाकर तारीफें लूटी थीं। मगर, वह तो सिर्फ झांकी थी, असली रंग तो उन्होंने 'धुरंधर' में जमाया है। फिल्म में उन्हें स्क्रीन स्पेस भी काफी अच्छा मिला है, तो वे खूब लाइमलाइट लूट ले गए हैं। आलम ये हो गया है कि अक्षय दर्शकों की फेवरेट लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

टीवी मसाला

# सारा-कृष ने हिंदू- मुस्लिम रीति-रिवाज से की शादी

**मुंबई।** सारा खान और कृष पाठक ने इस साल अक्टूबर मे विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत कोर्ट मैरिज की थी। अब कपल ने रीति-रिवाज के साथ शादी रचाई है। सारा और कृष ने हिंदू और मुस्लिम दोनों रीति-रिवाज के साथ शादी की है। पहले कपल ने निकाह किया, फिर हिंदू रीति-रिवाज के साथ विवाह किया।



शादी की खूबसूरत फोटोज कपल ने फैंस के साथ शेयर की हैं। सारा खान और कृष पाठक ने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत की है। कोर्ट मैरिज के बाद कपल ने अब निकाह और विवाह करके एक-दूजे का हाथ थामा है। एक संयुक्त इंस्टाग्राम पोस्ट में शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए कपल ने लिखा है, 'कुबूल है से सात फेरे तक..., हमारे प्यार ने अपनी खुद की एक स्क्रिप्ट लिखी है और हमारी दोनों दुनियाओं ने कहा-हां'। बता दें कि कृष पाठक अभिनेता सुनील लहरी के बेटे हैं। सुनील लहरी को 1980 के दशक के लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक 'रामायण' में लक्ष्मण की भूमिका के लिए जाना जाता है। अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए, कृष पाठक ने अभिनय में कदम रखा। उन्होंने 'पीओडब्ल्यू- बंदी युद्ध के' और 'ये झुकी झुकी सी नजर' जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया।



# प्रियंका ने जाह्नवी के संदेश का किया समर्थन

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में 'वी द विमेन' मंच से जाह्नवी कपूर का प्रभावशाली वीडियो शेयर कर उनके विचारों को खुलकर सराहा। इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस क्लिप को री-पोस्ट करते हुए प्रियंका ने लिखा, "बातचीत से शुरुआत होती है, तो मैं भी शामिल होती हूं। प्रियंका ने जाह्नवी के बेबाक और सच्चे विचारों की जमकर तारीफ की। यह वीडियो बरखा दत्त के प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म 'वी द विमेन' का है, जो देशभर की महिलाओं की आवाज, उनकी पहचान, महत्वाकांक्षाओं और सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के लिए जाना जाता है। क्लिप में जाह्नवी कपूर बेहद साफगोई से स्त्रीत्व, समाज की अपेक्षाओं और "समानता" के असली मायनों पर बात करती दिखाई देती हैं। वह बताती हैं कि महिलाओं के अनुभवों को समझना और स्वीकारना कितना जरूरी है, बजाय इसके कि समानता को सिर्फ एक सतही अवधारणा तक सीमित कर दिया जाए। पीले रंग के आकर्षक आउटफिट में नजर आ रहीं जाह्नवी के स्पष्ट और आत्मविश्वास से भरे विचार दर्शकों के साथ गहराई से जुड़े और इन्हीं विचारों ने प्रियंका चोपड़ा को उन्हें अपने प्लेटफ़ॉर्म पर साझा करने के लिए प्रेरित किया।

# पुलकित ने किया चंकी के प्रति सम्मान जाहिर



**मुंबई।** हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेता पुलकित सम्राट ने अपनी आगामी रिलीज फिल्म 'राहु केतु' के को-स्टार और अनुभवी अभिनेता चंकी पांडे के प्रति जिस तरह सम्मान जताते हुए सराहना के शब्द कहे, उससे पूरा माहौल भावनात्मक हो गया। अपने काम के प्रति चंकी पांडे के समर्पण और जुनून की बातें साझा करते हुए पुलकित ने कहा, "पहली नज़र में चंकी सर को सेट पर आकर सीन करते देखना केकवॉक जैसा लगता है, लेकिन सच तो यह है कि वो उस सीन को परफेक्ट बनाने के लिए इतनी मेहनत करते हैं कि हमें सामने खड़े होने में शर्म आने लगती है। यकीन मानिए उनकी मेहनत देखकर हम खुद पेन-पेपर लेकर बैठ जाते हैं कि और क्या किया जा सकता है।" सीनियर एक्टर चंकी पांडे के साथ अपनी पहली फिल्म का अनुभव साझा करते हुए पुलकित ने यह भी कहा कि उनके साथ हर दिन ऐसा लगता था जैसे वे किसी स्कूल या किसी यूनिवर्सिटी में आ गए हों और बस सीखते ही जा रहे हैं।

# हाथ से कढ़े गाउन में बिखेरी ग्लैमर की चमक




*मुंबई। कभी-कभी फैशन कपड़े और कढ़ाई से आगे बढ़कर एक कहानी बन जाता है और काशिका कपूर का यह लुक बिल्कुल वैसा ही एक पल है। काले रंग के दिलकश गाउन में, जिस पर बारीकी से की गई चांदी की कढ़ाई सितारों की तरह चमक रही थी, काशिका ने ओल्ड-हॉलीवुड की एलिगेंस और आधुनिक जादू का ऐसा मिश्रण रचा कि नजरें ठहर जाएं। उनका गाउन, पूरी तरह तराशा हुआ, उनके व्यक्तित्व के साथ ऐसे बहता है जैसे उनके इर्द-गिर्द रोशनी की नदी बह रही हो। हर पैटर्न, हर चमक उनके हर कदम के साथ जीवंत हो उठती है। हर तस्वीर मानो किसी सदाबहार फिल्म का स्थिर फ्रेम लगती है,संजीदा, खूबसूरत और बेमिसाल शालीनता से भरा हुआ। लेकिन इस लुक की असली खूबसूरती काशिका की मौजूदगी है। वह सिर्फ गाउन नहीं पहनतीं, वह उसे जीवन दे देती हैं। जब उनके हाथ नरम, बैले-सी मुद्रा में ऊपर उठते हैं और ठोड़ी हल्के-से प्रकाश की ओर झुकती है, तो पूरा माहौल एक मंच की तरह महसूस होने लगता है। उनके मुलायम कर्ल्स, नाजुक और सुरुचिपूर्ण ज्वेलरी, और मेकअप की हल्की, चमकती आभा - सब मिलकर एक ऐसा रूप रचते हैं जो एक साथ क्लासिक भी है और खगोलीय भी।*

# ओटीटी पर मनोरंजन का सैलाब! रिलीज हुई सात नई फिल्में और सीरीज....

*मुंबई। इस वीक कई नई फ़िल्में और सीरीज अलग-अलग ओटीटी स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म पर रिलीज होने वाली हैं। इनमें रोमांटिक फिल्मों से लेकर डार्क साइकोलॉजिकल थ्रिलर और हॉरर फिल्में और सीरीज तक सब कुछ शामिल है। आप वीकेंड पर इनका मजा ले सकते हैं, इस कड़ाके की सर्दी में अपने घर पर आराम से चाय की चुस्की लेते हुए।*

**जे. केली - नेटफ्लिक्स :** जॉर्ज क्लूनी और एडम सैंडलर स्टारिंग यह कॉमेडी एक बूढ़े फ़िल्म स्टार की कहानी बताती है, जो अपने डेडिकेटेड मैनेजर के साथ यूरोप की ट्रिप पर निकलता है। फ़िल्म में फ़्लैशबैक का इस्तेमाल किया गया है क्योंकि दोनों अपनी ज़िंदगी के फ़ैसलों और रिश्तों के बारे में सोचते हैं। आप इसे इस वीक नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



**द गर्लफ्रेंड - नेटफ्लिक्स :** रश्मिका मंदाना और दीक्षिता शेट्टी की क्रिटिक्स द्वारा सराही गई फ़िल्म "द गर्लफ्रेंड" को थिएटर में दर्शकों से ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला। नेटफ्लिक्स ने डिजिटल राइट्स ले लिए हैं, जिससे दर्शक घर पर फ़िल्म का मज़ा ले सकते हैं। फ़िल्म 5 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई।

**द ग्रेट प्री-वेडिंग शो - जी5 :** तिरुवीर-स्टारर "द ग्रेट प्री-वेडिंग" को इसकी दिल को छू लेने वाली गांव की कहानी के लिए बहुत तारीफ मिली थी। थिएटर में पॉजिटिव रिस्पॉन्स के बाद, जी5 ने डिजिटल राइट्स ले लिए हैं। फिल्म 5 दिसंबर, से जी5 पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।



**डाइस एरा - जियो हॉटस्टार :** राहुल सदाशिवन द्वारा डायरेक्टेड और प्रणव मोहनलाल स्टारिंग, डाइस एरा एक इंटेंस, सस्पेंस और डरावनी कहानी पेश करती है। जियो हॉटस्टार ने ओटीटी राइट्स ले लिए हैं, जिससे फिल्म दर्शकों के लिए कई भाषाओं में उपलब्ध हो गई है। जियो हॉटस्टार पर 5 दिसंबर से स्ट्रीमिंग शुरू हो गई है।

**स्टीफन - नेटफ्लिक्स :** स्टीफन एक एंटरटेनिंग तमिल थ्रिलर है, जिसमें गोमती शंकर, माइकल थंगादुरई और स्मृति वेंकट स्टारिंग हैं। यह अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार है। नेटफ्लिक्स ने स्ट्रीमिंग राइट्स ले लिए हैं, जिससे फिल्म सीधे दर्शकों तक पहुंच सकेगी।

**कुट्टाराम पुरिंधवन - सोनी लीव :** कुट्टाराम पुरिंधवन एक तमिल क्राइम थ्रिलर है। पशुपति भास्कर नाम के एक पुलिस ऑफिसर का रोल कर रहे हैं, जो एक मुश्किल केस की इन्वेस्टिगेशन में फंस जाता है। यह 5 दिसंबर को सोनीलीव पर स्ट्रीम हुई है।



## खबर संक्षेप

### एएसपी हरीश यादव को मिली पदोन्नति

**बिलाईगढ़।** सक्ती जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एसपी रैंक में पदोन्नत किए जाने



पर यादव समाज में खुशी का माहौल देखने को मिला। 28 नवम्बर को गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में 13 वें क्रमांक पर शामिल करते हुए श्री यादव को पदोन्नत किया गया है। जैसे ही उनके एसपी पद पर पदोन्नति की सूचना सक्ती जिले में पहुंची। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक व्यापारिक संस्था और नगर संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं और नगर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साह पूर्वक उन्हें बधाई देना शुरू कर दिया। एडिशनल एसपी के रूप में सक्ती जिले में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। श्री यादव अपनी कुशल पुलिसिंग, संयमित व्यवहार, संवेदनशील कार्यशैली और जनता से जुड़ाव के लिए जाने जाते रहे हैं उनके नेतृत्व में जिले में पुलिस जनता संबंध मजबूत हुए द्यशिकायतों को त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान दिया गया और कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने प्रशासनिक कुशलता का परिचय दिया। इन्हीं गुणों के कारण सक्ती जिले के लोगों ने उनके प्रमोशन को अपनी उपलब्धि जैसा महसूस किया। पदोन्नति की जानकारियां मिलते ही नगर के सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने मिठाइयां बांटकर, पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया। लोग बड़ी संख्या में उनसे मिलने पहुंचे और बधाईयों का ताता लगा रहा।

### ढाई हजार कर्मचारियों को नहीं मिला दिवाली बोनस

**पुसौर।** बेयर हाउस में कलेक्टर दर पर काम कर रहे करीब ढाई हजार कर्मचारियों को बीते दिवाली में मिलने वाला 7 हजार बोनस राशि अब तक नहीं मिली है। 6 महीने में नियमित वेतन में हो रहे वृद्धि पर भी रोक लगा दी गई है। जानकारी के मुताविक शासन द्वारा बेयर हाउस के तहत प्रदेश के कई जिलो, कस्बों व ग्रामों में गोदाम निर्माण किया गया है जिसमें मुख्यतः नागरिक आपूर्ति निगम तथा एफसीआई के खाद्यान्नों का भंडारण होता है। इन गोदामों में कार्यरत कर्मचारी ज्यादातर कलेक्टर दर पर हैं जिन्हें प्रतिमाह वेतन वृद्धि के आधार पर 13 से 16 हजार रुपए तक ही मिलते हैं। जिन्हें दिवाली के अवसर पर 7 हजार बोनस भी मिलता रहा है जो बीते दिवाली को नहीं मिला और वेतन वृद्धि को भी जीरो कर दिया गया है। बेयर हाउस गोदाम में काम कर कर्मचारियों ने बताया कि सरकार से बड़ी उम्मीद थी कि हम नियमित कर्मचारी भी बनेंगे और हमारा आर्थिक स्थिति मजबूत होगी लेकिन दिवाली में मिलने वाली बोनस तथा वेतन वृद्धि पर भी रोक लगा दी गई है। ज्ञात हो कि कर्मचारी अपने नियमितिकरण के लिए कई बार हड़ताल कर चुके हैं और इसमें काम करते हुए कई लोग रिटायर के कगार पर भी आ चुके हैं । ऐसी स्थिति में जबकि वो किसी अन्य आजीविका से नहीं जुड़ सकते है। बहरहाल निराश, हताश और परेशान कर्मचारी काम तो कर रहे हैं लेकिन अनिच्छा से।

### स्वच्छ व समावेशी विकास लक्ष्य : आयुक्त

**राउरकेला।** राउरकेला नगर निगम आरएमसी ने शहर के सर्वांगीण विकास के लिए चल रही प्रमुख परियोजनाओं की जानकारी एक प्रेस वार्ता में दी। आरएमसी आयुक्त ने बताया की निगम का मुख्य लक्ष्य स्वच्छ, आधुनिक और समावेशी राउरकेला का निर्माण करना है। शहर में वर्षों से चली आ रही जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जा रहा है। दयानंद नगर और पीके दास कॉलोनी में नाले निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जबकि पूरे शहर में सर्वे तेजी से प्रगति पर है। कचरे से ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में भी राउरकेला नई पहल कर रहा है। सेक्टर 14 में बायो मिथानेशन प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जो शहर के कचरे से हरित ऊर्जा उत्पन्न करेगा। वहीं बालुघाट में बायो मास पेलेट प्लांट विकसित किया जा रहा है, जहाँ सूखे कचरे और नारियल के छिलकों से ईंधन पेलेट तैयार होंगे, जिससे कचरा प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा।

## अधिनियम का उल्लंघन भी और रिकॉर्ड में भारी कमी, दो दुकानदारों को नोटिस

# खरसिया क्षेत्र की दवा दुकानों में बिना पर्ची बिक रही नशीली दवाएं, जांच में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया क्षेत्र में संचालित विभिन्न मेडिकल दुकानों में जांच की गई तो जो खुलासा हुआ है वह किसी भी सूरत में लोगों की सेहत के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता है। यहां बिना पर्ची जहां नशीली दवाई बिक्री होने का खुलासा हुआ है। वहीं अधिनियमों का उल्लंघन और स्टॉक में भारी कमी भी होने की जानकारी मिली है। यह खुलासा तब हुई जब मेडिकल दुकानों में संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी गई। इस दौरान नशीली दवाओं की अनियमित बिक्री को लेकर गंभीर तथ्य सामने आए। यह कार्रवाई खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभागए राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उस शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें की जानकारी मिली थी।

जिले के शहरी, कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित मेडिकल स्टोर्स में प्रतिबंधात्मक दवाओं, नशीली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने और सतत निरीक्षण करने के निर्देश



दिए थे। हाल ही में जिले के प्रभारी सचिव ने भी समीक्षा बैठक में आवश्यक चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा राजेश मेडिकल, टीआईटी कॉलोनी खरसिया, आशोक मेडिकल, अमरनाथ चौक, दीपक मेडिकल स्टोर, रेलवे स्टेशन रोड, तथा भागवत मेडिकल स्टोर, रेलवे स्टेशन रोड का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच के दौरान राजेश मेडिकल में दो नशीली दवाओं कोरेक्स, कोफ विक्स का डॉक्टर के पर्ची के बिना बिक्री पाया गया, जिसके कारण स्टोर संचालक को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं नियम 1945 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

इसी प्रकार भागवत मेडिकल स्टोर में नशीली दवाओं का विक्रय रिकॉर्ड एवं डॉक्टर की पर्ची मौके पर उपलब्ध नहीं पाई गई। रिकॉर्ड में भारी कमी को गंभीर मानते हुए यहां भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। टीम ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिए कि वे किसी भी प्रकार की नशीली दवा बिना डॉक्टर की वैध पर्ची के न बेचें तथा रिकॉर्ड संधारित करना अनिवार्य है। साथ ही सिरिंज जैसी चिकित्सीय वस्तुओं के बिल सहित विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस कार्रवाई में खाद्य एवं औषधि निरीक्षक अमित राजोरिया, विजय कुशवाहा, सुश्री साविता रानी, प्रवीण तिवारी एसडीएम खरसिया तथा प्रमात पटेल एसडीओपी खरसिया उपस्थित थे।

## जेपीएल तमनार के गारे पालमा कोल ब्लॉक की स्थापना से क्षेत्र में विकास के नए अवसर

**तमनार।** जिंदल पावर लिमिटेड तमनार क्षेत्र के सामाजिक व आर्थिक विकास हेतु सदैव समर्पित रही है। संस्थान क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं के साथ आम जनमानस के विकास को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, जीविकोपार्जन, महिला सषक्तिकरण, युवा विकास, कौषल विकास के क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों, अभियानों, योजनाओं का संचालन कर रही है। संस्थान के इन सुनियोजित समर्पित प्रयासों लोग खुशहाल व समृद्ध हुये हैं। इसी क्रम में जेपीएल तमनार की प्रस्तावित गारे पालमा कोल ब्लॉक की स्थापना से स्थानीय विकास को नई दिशा मिलने जा रही है। यह परियोजना क्षेत्र की सामाजिक आर्थिक स्थिति को बेहतर बनने में 'मील का पत्थर' साबित होगी और निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि आने वाले समय में क्षेत्रविकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।

विदित हो कि प्रस्तावित कोल ब्लॉक के माध्यम से क्षेत्र के योग्य व कौशल आधारित युवाओं के लिए 2200 से 2500 रोजगार के नये अवसर सृजित होगें। महिलाओं व आम जनमानस के लिए भी रोजगार के नये विकल्प उपलब्ध होगें। परियोजना की स्थापना से धौंराभाठा, बिजना, समकेरा, खुरूषलेंगा, महलोई, बुड़िया, झिंकाबहाल, बोगबाड़ी, टांगरघाट के साथ तमनारांचल के गावों में व्यापार, परिवहन, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग एवं विभिन्न आायअर्जन के साधनों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। गारे पालमा के इस नवीन प्रस्तावित कोल ब्लॉक के मुर्त रूप लेने से क्षेत्र के नौनिहालों, बच्चों, विद्यार्थियों के लिये सर्वसुविधायुक्त प्ले स्कूलों व विद्यालयों की स्थापना की जावेगी। क्षेत्र में आवागमन सुगम होगी। सर्वसुविधायुक्त सड़कों का निर्माण, सम्पूर्ण क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। क्षेत्र स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की जावेगी। कृषि के माध्यम से किसानों की जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए उच्च तकनीकीयुक्त आधुनिक खेती हेतु कृषि विशेषज्ञों से प्रशिक्षण व अध्ययन भ्रमणों की व्यवस्था सुनिश्चित की जावेगी। क्षेत्र में नवीन विद्यालय, आंगनवाड़ी एवं सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जावेगा। ग्रामों की तालाबों का गहरीकरण व पचरी निर्माण कर उनका सौंदर्यीकरण की जावेगी। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा सुगमता हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जावेगी। निःशुल्क बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित की जावेगी। गारे पालमा का प्रस्तवावित नवीन कोल ब्लॉक के माध्यम से संस्थान का लक्ष्य स्थानीय निवासियों की जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। संस्थान की प्रस्तावित कोल ब्लॉक क्षेत्र में रोजगार और औद्योगिक प्रगति की दिशा में नई पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। ज्ञातव्य हो कि क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं के साथ आम जनता क्षेत्र की विकास के लिये समर्पित हैं। वे संस्थान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर क्षेत्र की विकास सुनिश्चित करने के लिये प्रयासरत हैं, पर इसके विपरीत कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति हेतु क्षेत्र के सीधे साधे युवा, किसानों एवं महिलाओं को भ्रमित कर रहे हैं। वहीं क्षेत्र के जागरूक नागरिकों को अनुचित मांग करने के लिए दबाव बना रहे है। लोंगो को बरगलाने उन्हें भ्रमित करने पीछे आखिर कौन है ? गौरतलब हो कि आमजनमानस उपरोक्त बातों को समझ चुकी है और जिंदल पावर लिमिटेड के गारे पालमा प्रस्तावित कोल ब्लॉक एवं क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास सुनिश्चित करने के लिए संस्थान के साथ एकलय में खड़ी है।

# परसकोल स्कूल में लगी विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी

**कटेली।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला परसकोल, संकुल परसदा बड़े, विकासखंड सारंगढ़ में बाल प्रतिभाओं ने अपनी वैज्ञानिक सोच को विज्ञान मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया । इस कार्यक्रम को शुभारंभ शैलेश कुमार यादव संकुल प्राचार्य, चंद्रशेखर चंदन पटेल सरपंच ग्राम पंचायत परसकोल एवं लालसाय निषाद अध्यक्ष के द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन कर किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने विज्ञान के गुण सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप में किस प्रकार अनुप्रयोग किया जाए इसका बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। उक्त मॉडल प्रदर्शनी शाला में पदस्थ विज्ञान शिक्षक विनोद कुमार साहू के मार्गदर्शन में एवं पदस्थ शिक्षक चूड़ामणि साहू एवं शिक्षिका तुलसी साहू



के सहयोग से संपन्न हुआ कार्यक्रम में संकुल के समन्वयक हरिशंकर जायसवाल का विशेष सहयोग रहा इस माडल प्रदर्शनी में संकुल से आए विभिन्न स्कूलों के शिक्षक संदीप टंडन धनेश्वर साहू, नवनीत सिंह नेताम, ठंडा दास मानिकपुरी, त्रिलोचन पटेल, सुखीराम नौरंगे, भगवान दास तेंदुलकर, शिक्षिका, सुनीता साहू, चंद्रिका साहू, सीमा निषाद एवं सेवानिवृत शिक्षक रोहित कुमार पटेल के साथ संकुल के सभी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने चढ़कर भाग लिया तथा गांव के गणमान्य नागरिक महेश राम साहू सुखनंदन पटेल, सुंदरलाल नौरंगी त्रिनाथ श्रीवास, अरुण सोनवानी, दिलीप सोनवानी उपस्थित रहे कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन एवं विकासखंड सारंगढ़ से उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक हेमंत साहू के द्वारा बच्चों की प्रदर्शन की सराहना किया गया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पवनी और नगरदा में किया गया मितानिनों का सम्मान

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मितानिनों को इस सम्मानित किया गया। कार्यक्रम जिले के कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौज के मार्गदर्शन में जिला पंचायत स्वास्थ्य सभापति सुशीला साहू की विशेष उपस्थिति और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला के दिशा निर्देश में हुआ।

समारोह का नेतृत्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशी कुमार जायसवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत स्वास्थ्य सभापति श्रीमती सुशीला साहू द्वारा सभी मितानिन दीदीयों को साल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट एवं समर्पित कार्यों की प्रशंसा करते हुए



शुभकामनाएं भी दी गईं। समारोह में मितानिनों को स्वास्थ्य विभाग की आगामी गतिविधियों जैसे टीकाकरण, मातृ शिशु स्वास्थ्य, पोषण जागरूकता, रोग नियंत्रण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य शिक्षा को समुदाय तक और अधिक प्रभावी तरीके से पहुंचाने हेतु प्रेरित किया गया। बीमारियों से बचाव एवं स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी संदेशों को जनसमुदाय तक निरंतर पहुंचाने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में मितानिन दीदी उपस्थित रहीं। समारोह ने सभी मितानिनों में उत्साह ऊर्जा एवं कार्यप्रेरणा का नया संचार किया।

# अब जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में होगा सर्वाइकल कैंसर का इलाज

**कटेली।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का सिलसिला निरंतर जारी है। जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन एवं सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के कुशल निर्देशन में जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के अभियान के तहत एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ी है।

जिला अस्पताल सारंगढ़-बिलाईगढ़ में एनपी-एनसीड़ी कार्यक्रम के तहत गर्भाशय मुख कैंसर के संभावित / लक्षणयुक्त मरीजों के व्हीआईए, व्हीआईएलआई टेस्ट के संबंध मे समस्त चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स, काउंसलर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों को सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल द्वारा 6 दिसंबर को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस




विशेष प्रशिक्षण मे सर्वाइकल कैंसर के लक्षण जैसे असामान्य योनि रक्तस्त्राव, योनि स्त्राव मे बदलाव, पेट और पीठ के निचले हिस्से मे लगातार दर्द, पानी जैसा या खून मिल हुआ सफेद या बदबूदार स्त्राव तथा अन्य लक्षणों मे भूख की कमी, वजन घटना इत्यादि लक्षणों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। तत्पश्चात व्हीआईए, व्हीआईएलआई टेस्ट के संबंध प्रक्रियाओ की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। व्हीआईए धनात्मक पाए जाने पर उक्त मरीज को थर्मो एबल्सन मशीन के माध्यम से इलाज भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रारंभ करने के पूर्व एवं प्रशिक्षण के पश्चात व्हीआईए, व्हीआईएलआई टेस्ट के संबंध प्रतिभागियों के पूर्व जानकारी को परखने के लिए एक 15 प्रश्नों का टेस्ट आयोजित किया गया, जिसमे सभी प्रतिभागियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। अब इन प्रशिक्षित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अनुभवी टीम के साथ सर्वाइकल कैंसर का उपचार और इलाज सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के नेतृत्व मे जिला अस्पताल सारंगढ़ मे प्रदान किया जावेगा। इस सुविधा से अब ग्रामीण अंचलों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को इलाज हेतु दूर नहीं जाना पड़ेगा, इससे उनके समय और पैसे दोनों की बचत होगी तथा उपचार की सुविधा से होने वाली जनहानी को काम करने मे मदद मिलेगी।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव संपन्न

**रायगढ़।** जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन 5 एवं 6 दिसम्बर को हाईस्कूल मैदान, घरघोड़ा में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। महोत्सव का शुभारंभ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने किया। प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, लंबी कूदए गेड़ी दौड़, फुगड़ी दौड़, वॉलीबॉल, रस्साकशी सहित एकल एवं सामूहिक खेल विधाओं को शामिल किया गया, जिसमें लगभग 729 महिला एवं पुरुष प्रतिभागी खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांसद श्री राठिया ने विजेता खिलाड़ियों को मोमेन्टो एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। सांसद राधेश्याम राठिया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मैदान पर सीखे गए खेल जीवन भर



मार्गदर्शन करते हैं। खिलाड़ी अपनी मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच से न केवल अपने माता पिता काए बल्कि पूरे जिले और देश का गौरव बढ़ा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि खेल हमें गिरकर भी उठने की शक्ति देता है और चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करना सिखाता है। जीत या हार से अधिक महत्वपूर्ण है खिलाड़ी का प्रयास, जज्बा और खेल भावना। सांसद श्री राठिया ने सभी प्रतिभागियों को नई ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी।

**ये रहे विजेता खिलाड़ी-** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 5 दिसम्बर को आयोजित महिला वर्ग की खेल प्रतियोगिता में कुल 364 प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। महिला वर्ग की व्यक्तिगत खेल प्रतियोगिता में 100 मी दौड़ 15 से 20 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान रागिनी राठिया तमनार द्वितीय स्थान पीहू दास द्वितीय तृतीय स्थान विनिता सरल पुसौर 100मी दौड़ 21 से 35 आयु वर्ग में प्रथम स्थान पूर्णिमा चौहान पुसौर, द्वितीय स्थान वर्षा नायक रायगढ़ आदि शामिल हैं।

## बाबा साहब की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने किया माल्यार्पण

**कोसीर।** ज्ञान के प्रतीक और भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कोसीर में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े विधायक, प्रतिनिधि गनपत जांगड़े, जिला कांग्रेस महामंत्री विष्णु चन्द्रा, सरपंच राजेश भारद्वाज, सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र



राव, सतीश कोशले, तारनिश चन्द्रा, बसन्त सुमन, फूलकुमार विश्वकर्मा, मनोज सुमन भोला बर्मन, कोमल लहरे खलेंद्र भारद्वाज, तुकाराम हेमचरण, हीरालाल चन्द्रा मिथुनसोनी, घनश्याम, विवेक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और सामाजिक समरसता के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर समस्त कांग्रजनों व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के विचारों समानता, न्याय और शिक्षा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## कीर्तन-भजन के साथ निकाली रैली

# गायत्री परिवार ने किया घर-घर में गायत्री यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से घर घर गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज रविवार को सरिया नगर में भी द्वितीय चरण का घर-घर गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया । गायत्री शक्तिपीठ सरिया में गायत्री परिवार के द्वारा प्रातः मां गायत्री की पूजा पाठ कर भव्य रैली के साथ घर-घर में गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री परिवार के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

रैली के माध्यम से जन जागरण एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए कीर्तन भजन के साथ रैली निकाली गई रैली में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल एनगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप, मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। बता दे कि




पहले चरण के गायत्री यज्ञ में करीब 70 घरों में गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। आज रविवार को यह द्वितीय चरण है। जिसमें साठ घरों में गायत्री परिवार के द्वारा गायत्री यज्ञ संपन्न किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य वातावरण शुद्धए सकारात्मक ऊर्जा का संचार, सांस्कृतिक संस्कारों की पुनः स्थापना और एक समर्थ राष्ट्र का निर्माण करना है। जिसमें लोग अपने घरों में गायत्री मंत्र का जाप और हवन किया। इसके लिए गायत्री शक्ति पीठ सरिया के द्वारा हवन सामग्री उपलब्ध कराया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि यह एक ऐसा अभियान है। जहां गायत्री परिवार के माध्यम से लोग अपने घरों में गायत्री मंत्र के जाप और हवन द्वारा व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने हेतु यज्ञ का आयोजन करवा रहे हैं। गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी लंबोदर पटेल ने बताया कि यज्ञ से निकलने वाले औषधीय धुंआ शरीर में प्रवेश करता है। इससे बीमारियों से बचाव होता है। इसे यज्ञो पैथी भी कहा जाता है। इससे यज्ञ के आसपास का वातावरण शुद्ध होता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर सप्ताह यज्ञ करने की आदत बनानी चाहिए। लंबोदर पटेल ने कहा कि गायत्री परिवार के सदस्य लोगों को नियमित यज्ञ करने की प्रेरणा देते हैं और लोग बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में सरिया नगर में तृतीय एवं चतुर्थ चरण का भी गायत्री यज्ञ का आयोजन संपन्न होगा।

